भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1564 का उत्तर

दिल्ली जंक्शन रेलवे स्टेशन के लिए पुनरुद्धार कार्यक्रम

1564. श्री प्रवीन खंडेलवाल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या लोक सभा के चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दिल्ली जंक्शन रेलवे स्टेशन और 10 अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनरुद्धार कार्यक्रम का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) दिल्ली जंक्शन रेलवे स्टेशन के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए इस स्टेशन का नवीकरण करते समय इसकी वास्तुशिल्पीय विरासत के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाएंगे?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

S.K

**दिल्ली जंक्शन रेलवे स्टेशन के लिए पुनरुद्धार कार्यक्रम के संबंध में दिनांक 04.12.2024 को लोक सभा में श्री प्रवीन खंडेलवाल के अतारांकित प्रश्न सं. 1564 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (ग): रेल मंत्रालय ने भारतीय रेल के रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए 'अमृत भारत स्टेशन योजना' शुरू की है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ सतत् आधार पर रेलवे स्टेशनों के विकास की संकल्पना की गई है। इसमें प्रत्येक रेलवे स्टेशन की आवश्यकता को देखते हुए स्टेशनों पर स्टेशन तक पहुंच, परिचलन क्षेत्र, प्रतीक्षालय, शौचालय, आवश्यकता के अनसुार लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, नि:शुल्क वाई-फाई, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं द्वारा स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एक्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए निर्दिष्ट स्थान, लैंडस्केपिंग आदि जैसी सुविधाओं में सुधार लाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और उनका चरणबद्ध कार्यान्वयन करना शामिल है।**

**इस योजना में आवश्यकता, चरणबद्धता एवं व्यवहार्यता के अनुसार स्टेशन भवन में सुधार, स्टेशन का शहर के दोनों छोरों के साथ एकीकरण, मल्टी-मोडाल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित पटरियों की व्यवस्था आदि और दीर्घावधि में स्टेशन पर सिटी सेन्टरों के निर्माण की भी परिकल्पना की गई। इस योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के विकास/उन्नयन के दौरान किए जाने वाले निर्माण-कार्यों में स्थानीय कारकों को उपयुक्त रूप से शामिल किया जाता है।**

**अब तक, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूरे भारत में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पड़ने वाले 13 स्टेशनों सहित 1337 रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए चिह्नित किया गया है। इस योजना के तहत दिल्ली में विकास के लिए चिह्नित स्टेशनों की सूची नीचे दी गई है:-**

| क्र. सं. | राज्य | स्टेशनों की संख्या | स्टेशनों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | दिल्ली | 13 | आदर्श नगर दिल्ली, आनंद विहार, बिजवासन, दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली शाहदरा, हजरत निज़ामुद्दीन, नरेला, नई दिल्ली, सब्जी मण्डी, सफदरजंग, तिलक ब्रिज |

**रेलवे स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन जटिल प्रकृति का होता है जिसमें यात्रियों और रेलगाड़ियों की संरक्षा शामिल होती है और इसके लिए दमकल विभाग की स्वीकृति, धरोहर, पेड़ों की कटाई, विमानपत्तन संबंधी स्वीकृति इत्यादि जैसी विभिन्न सांविधिक स्वीकृतियों की**

S.K

आवश्यकता होती है। इनकी प्रगति जनोपयोगी सेवाओं को स्थानांतरित करना, (जिनमें जल/सीवेज लाइन, ऑप्टिकल फाइबर केबल, गैस पाइप लाइन, पावर/सिगनल केबल इत्यादि शामिल हैं), अतिलंघन, अतिक्रमण, यात्री संचलन को बाधित किए बिना रेलगाड़ियों का परिचालन, उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के निकट सान्निध्य में किए जाने वाले कार्यों के कारण गति प्रतिबंध आदि जैसी ब्राउन फील्ड संबंधी चुनौतियों के कारण भी प्रभावित होती है और ये कारक कार्य के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं। अत:, इस समय कोई समय-सीमा नहीं बताई जा सकती है।

स्टेशनों के विकास और अनुरक्षण के लिए निधियों का आबंटन आमतौर पर योजना शीर्ष - 53 'ग्राहक सुविधाएं' के अंतर्गत क्षेत्रीय रेलवे-वार किया जाता है, न कि राज्य-वार/केंद्र शासित प्रदेश-वार अथवा स्टेशन-वार। चूंकि, दिल्ली जंक्शन रेलवे स्टेशन और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के अन्य रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आता है, अतः बजट 2024-25 में उत्तर रेलवे हेतु योजना शीर्ष - 53 के अंतर्गत 3448.35 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया है।

******

S.K